भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1491**
7 दिसम्बर, 2021 को उत्तर देने के लिए

## एफपीआई की वृद्धि के बीच अंतर

**1491. श्री जी. एम. सिद्देश्वर:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में अपार संभावनाओं के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की वृद्धि और स्थिर कृषि आय के बीच अंतर का कोई वास्तविक आकलन किया है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में शीतागार अवसंरचना बनाने के लिए क्या प्रमुख कदम उठाए हैं; और

**(घ)** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत देश में अब तक कितने मेगा फूड पार्क स्थापित किए गए हैं और उनके वितरण से संबंधित ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**(क) और (ख)**: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग अधिकांश कच्चे माल का स्रोत किसानों से प्राप्त करते हैं, इसलिए इस क्षेत्र के विकास का किसानों की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तथापि, किसान की आय केवल इसी स्रोत पर निर्भर नहीं है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षणों के माध्यम से कृषि परिवारों की आय पर डेटा निकालता है जिसमें फसलों की खेती और पशुपालन से निवल प्राप्ति शामिल है। हाल के वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में वृद्धि के साथ-साथ कृषि परिवारों की औसत मासिक आय में सकारात्मक वृद्धि हुई है जैसा कि निम्नानुसार तालिका में दर्शाया गया है:

| | 2012-13 | 2018-19 | चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) (%) |
|---|---|---|---|
| प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आय (रुपये में) # | 6,426 | 10,218 | 8.04 |
| खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का सकल मूल्यवर्धन * (लाख करोड़ रुपये में) | 1.30 | 2.32 | 10.13 |

# एनएसएस 70वां दौर, कृषि वर्ष 2012-13 के आंकड़ों के लिए भारत में कृषि परिवारों की स्थिति के प्रमुख संकेतक और एनएसएस 77वां दौर कृषि वर्ष 2018-19 के आंकड़ों के लिए ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति और परिवारों की भूमि एवं पशुधन धृतियों का मूल्यांकन।

* राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय

**(ग) :** सरकार देश के विभिन्न भागों में शीत श्रृंखला अवसंरचना सृजित करने के लिए विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन निम्नानुसार कर रही है:

i. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय बागवानी और गैर-बागवानी उत्पादों की कटाई के बाद के नुकसान को कम करने और किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के घटकों में से एक के रूप में एकीकृत शीत श्रृंखला, मूल्य संवर्धन और परिरक्षण अवसंरचना हेतु एक योजना कार्यान्वित कर रहा है।

ii. कृषि और किसान कल्याण विभाग राज्य सरकारों के माध्यम से कोल्ड स्टोरेज की स्थापना सहित विभिन्न बागवानी गतिविधियों के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) को कार्यान्वित कर रहा है।

iii. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) "बागवानी उत्पादों के लिए कोल्ड स्टोरेज और स्टोरेज के निर्माण / विस्तार / आधुनिकीकरण के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी" नामक एक योजना कार्यान्वित कर रहा है।

**(घ) :** देश में 41 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और 22 मेगा फूड पार्कों को प्रचालनरत कर दिया गया है। इन 41 मेगा फूड पार्कों की सूची उनके स्थान सहित अनुबंध में दी गई है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 07.12.2021 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 1491 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

## देश में मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदित 41 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का राज्यवार विवरण सहित उनकी स्थिति

| क्र.स. | राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र | एसपीवी/आईए का नाम | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश (3 परियोजनाएं) | श्रीनी फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, चित्तूर | प्रचालनरत |
| 2. | | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पश्चिम गोदावरी | प्रचालनरत |
| 3. | | आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन (एपीआईसी), कृष्णा | कार्यान्वयनाधीन |
| 4. | अरूणाचल प्रदेश (1 परियोजना) | रोनगोज मेगा फूड पार्क, प्राइवेट लिमिटेड, पापम पारे | कार्यान्वयनाधीन |
| 5. | असम (1 परियोजना) | नार्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड, नलबाड़ी | प्रचालनरत |
| 6. | बिहार (2 परियोजना) | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, खगड़िया | कार्यान्वयनाधीन |
| 7. | | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) | सैद्धांतिक अनुमोदन |
| 8. | छत्तीसगढ (1 परियोजना) | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर | प्रचालनरत |
| 9. | गुजरात (2 परियोजना) | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | प्रचालनरत |
| 10. | | फणीधर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, मेहसाणा | कार्यान्वयनाधीन |
| 11. | हरियाणा (2 परियोजना) | हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रा डवलपमेंट कॉर्प लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी), सोनीपत | कार्यान्वयनाधीन |
| 12. | | हरियाणा स्टेट कॉप सप्लाई एंड मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (हैफेड), रोहतक | कार्यान्वयनाधीन |
| 13. | हिमाचल प्रदेश (1 परियोजना) | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, ऊना | प्रचालनरत |
| 14. | जम्मू और कश्मीर (1 परियोजना) | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पुलवामा | कार्यान्वयनाधीन |
| 15. | कर्नाटक (2 परियोजनाएं) | इंटीग्रेटेड फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, तुमकुर | प्रचालनरत |
| 16. | | फेवोरिच इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मांड्या | कार्यान्वयनाधीन |
| 17. | केरल (2 परियोजनाएं) | केरल राज्य औद्योगिक डवलपमेंट कॉर्प लिमिटेड (केएसआईडीसी), अलप्पुझा | कार्यान्वयनाधीन |
| 18. | | केरल इंडस्ट्रियल इंफ्रा विकास निगम (किंफ्रा), पलक्कड़ | प्रचालनरत |
| 19. | मध्य प्रदेश (2 परियोजनाएं) | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, खड़गोन | प्रचालनरत |
| 20. | | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, देवास | प्रचालनरत |
| 21. | महाराष्ट्र | पैथन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद | प्रचालनरत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | (3 परियोजनाएं) | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सतारा | प्रचालनरत |
| 23. | | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, वर्धा | कार्यान्वयनाधीन |
| 24. | मणिपुर (1 परियोजना) | मणिपुर फूड इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, काचिंग, मणिपुर | कार्यान्वयनाधीन |
| 25. | मेघालय (1 परियोजना) | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एमआईडीसी) | कार्यान्वयनाधीन |
| 26. | मिजोरम (1 परियोजना) | जोरम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, कोलासिब | प्रचालनरत |
| 27. | नगालैंड (1 परियोजना) | डोयस एग्री रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, दीमापुर, नागालैंड | कार्यान्वयनाधीन |
| 28. | उड़ीसा (2 परियोजनाएं) | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आइडीसीओ), खुर्दा | कार्यान्वयनाधीन |
| 29. | | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड, रायगढ़ | प्रचालनरत |
| 30. | पंजाब (3 परियोजनाएं) | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड, फाजिल्का, पंजाब | प्रचालनरत |
| 31. | | पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड, (पीएआईसी) लुधियाना | कार्यान्वयनाधीन |
| 32. | | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड कपूरथला | प्रचालनरत |
| 33. | राजस्थान (2 परियोजनाएं) | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, अजमेर | प्रचालनरत |
| 34. | | श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | सैद्धांतिक अनुमोदन |
| 35. | तमिलनाडु (1 परियोजना) | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन |
| 36. | तेलंगाना (2 परियोजनाएं) | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, निजामाबाद | प्रचालनरत |
| 37. | | तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड, खम्मम (टीएसआईआईसी) | कार्यान्वयनाधीन |
| 38. | त्रिपुरा (1 परियोजना) | सिकरिया मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पश्चिम त्रिपुरा | प्रचालनरत |
| 39. | उत्तराखंड (2 परियोजनाएं) | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार | प्रचालनरत |
| 40. | | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, उधमसिंह नगर | प्रचालनरत |
| 41. | पश्चिम बंगाल (1 परियोजना) | जंगीपुर मेगा फूड पार्क लिमिटेड, मुर्शिदाबाद | प्रचालनरत |